| | | |
|---|---|---|
| | **प्रेस नोट**<br>**पुलिस थाना मण्ड्रेला**<br><br>**दिनांक 01.09.2023**<br><br>**psmandrella@gmail.com** | **श्रीमान पुलिस अधीक्षक**<br>**जिला झुन्झुनू** |

- झुन्झुनू पुलिस की ट्रांसफार्मर चोरो के खिलाफ आज तक की  सबसे बडी कार्यवाही
- जिला झुन्झुनू मे ट्रांसफार्मर चोर गैंग के 06 शातिर सदस्यों को अलग अलग स्थानों जयपुर, सीकर, झुन्झुनू जिले से दस्तयाब  किया गया ।
- सितम्बर 2022 से अगस्त 2023 तक ट्रांसफार्मर चोर गैंग द्वारा करीब 100 ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातो को किया गया स्वीकार
- ट्रांसफार्मर चोर गैंग से माल खरीदने वाले दो कबाडियो को किया गया गिरफतार
- चोरो के कब्जे से  चोरी का सामान किया गया बरामद
- सभी मुलजीमान जीएसएस पर प्राईवेट ठेकेदारो के निचे ड्राईवर व हेल्पर का काम करते थे
- सभी मुलजीम वारदात के समय अपना फोन बंद कर लेते व रात्री मे ही चोरी करते उसके पश्चात कुछ अपराधी तो कोलेज स्तर पर अध्ययन कर रहे है कुछ जीएसएस मे ठेकेदारो के अधीन ड्राईवरी व हेल्पर का काम करते थे काम करने का बहाना लेकर छुपाव हालिस कर लेते थे। जिससे इन्हे ट्रेस करना मुश्किल काम था।

श्रीमान श्यामसिहं आई.पी.एस जिला पुलिस अधीक्षक झुन्झुनू  महोदय द्वारा ट्रासफार्मर चोरी की वारदातों को गंम्भीरता से लेते हुए वारदात करने वाले वांछित मुल्जिमान की गिरफतारी कर वारदातों के खुलासे के लिए सभी वारदातों का स्वयं सुपरविजन करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किये गये । जिसकी पालना में श्रीमान  गिरधारी लाल शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला झुन्झुनू  व श्री शिवरतन गोदारा  आरपीएस वृताधिकारी वृत चिड़ावा के सुपरविजन मे मन थानाधिकारी रविन्द्र कुमार उपनिरीक्षक पुलिस थाना मण्ड्रेला के नेतृत्व में थाना हाजा के प्रकरण संख्या 133/2023 धारा 136 विधुत अधिनियम 2003 में  ट्रांसफार्मर चोरी करने वाली गैग की धरपक्क्ड करने के लिये एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिस पर गठित टीम द्वारा कडी मेहनत कर परम्परागत पुलिसिंग तकनीक पद्वति का इस्तेमाल कर दिन रात मेहनत कर  ट्रांसफार्मर चोरी करने वाली गैंग के 06 शातिर चोरो को व चोरो से माल खरीदने वाले दो कबाडियो को गिरफतार किया गया।_सभी मुलजीमान जीएसएस पर प्राईवेट ठेकेदारो के निचे ड्राईवर व हेल्पर का काम करते थे सभी मुलजीम वारदात के समय अपना फोन बंद कर लेते व रात्री मे ही चोरी करते उसके पश्चात कुछ अपराधी तो कोलेज स्तर पर अध्ययन कर रहे है कुछ जीएसएस मे ठेकेदारो के अधीन ड्राईवरी व हेल्पर का काम करते थे काम करने का बहाना लेकर छुपाव हालिस कर लेते थे। जिससे इन्हे ट्रेस करना मुश्किल काम था।

**घटना का विवरणः—** दिनांक 07.08.2023 को परिवादी श्री संदीप चावला पुत्र श्री रमेश चावला जाति खटीक उम्र 29 साल निवासी बोरान मार्केट के पास वार्ड न 21 श्यामनगर गुढा रोड झुन्झुनू पुलिस थाना झुन्झुनू जिला झुन्झुनू ने उपस्थित लिखित रिपोर्ट पेश की कि कार्यालय के अधीनस्थ क्षेत्र के ग्राम बुडानियां मे घरेलू विधुत कनेक्शन हेड स्थापित निगम के 05 ज्ञट। सिंगल फेस ट्रासंफार्मर को दिनांक 03.08.2023 की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा चुरा लिया गया है जिससे निगम को कुल 49893.49 रू की राजस्व् हानि हुई है तथा 4—5 घरो की विधुत सप्लाई बाधित है ।मजमुन रिपोर्ट से मामला अपराध धारा 136 विधुत अधिनियम 2003 का वकु मे आना पाया जाने पर प्रकरण संख्या 133 / 2023 बदफा उपरोक्त मे कायम कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया ।

**विशेष विवरण** – जिले में आए दिन हो रही ट्रांसफार्मर चोरी के मामलों को गंम्भीरता से लेते हुए श्रीमान श्यामसिहं आई.पी.एस जिला पुलिस अधीक्षक झुन्झुनू के द्वारा प्रकरण की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की धरपकड कर वारदात का खुलासा करने के लिये ट्रांसफार्मर चोरो द्वारा वारदात को अन्जाम देने के तरीके का विस्तार से विश्लेषण किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये जिसकी पालना में श्रीमान गिरधारी लाल शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला झुन्झुनू व श्री शिवरतन गोदारा आरपीएस वृताधिकारी वृत चिड़ावा के सुपरविजन मे मन थानाधिकारी रविन्द्र कुमार उपनिरीक्षक पुलिस थाना मण्ड्रेला के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया जिसमे टीम सदस्य श्री मनोज कुमार कानि 150 आसुचना अधिकारी पुलिस थाना मण्ड्रेला द्वारा कडी मेहनत कर गुप्त रूप से आसुचना संकलन किया गया जिसके फलस्वरूप कानि मनोज कुमार न 150 को जरिये मुखबीर खास ईतला मिली कि एक सोनू का लडका जिसने की अपनी गैंग बना रखी है जो की कई लडको को अपने साथ रखता है जो ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात कर सकता है जिस पर गठित टीम द्वारा उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए 100—150 सीसीटीवी फुटेज का व 50 से ज्यादा सीडीआर का विस्तार से विश्लेषण कर अवलोकन किया गया व साईबर तकनीक का भरपूर उपयोग कर दिन रात कडी मेहनत की गई । इसके परिणामस्वरूप संदिग्ध सोनू को दस्तयाब कर पूछताछ की गई तो सोनू शातिर होने के कारण इधर उधर की बाते करता रहा लेकिन टीम द्वारा कडी मेहनत कर तथ्य जुटाये गये । गैंग के सदस्य बहुत ही शातिर किस्म के है व लगातार अपनी लोकेशन बदलते रहतें है। वारदात के पश्चात एक दो दिन छिप्पे रहतें है व उसके पश्चात दिन में रैकी कर रात में वारदात को अंजाम देते हैं । गैंग के 06 सदस्यो / मुल्जिमान को व चोरी का माल खरीदने वाले 02 कबाडियो को अलग अलग जगह से गिरफतार किया गया ।

## मुल्जिमान द्वारा स्वीकार की गई वारदातें सितम्बर 2022 से अगस्त 2023 तक

| क्र स | नाम थाना | कुल चोरी |
|---|---|---|
| 1. | नवलगढ | 19 |
| 2. | सदर झुन्झुनू | 16 |
| 3. | गुढा | 23 |
| 4. | मण्ड्रेला | 7 |
| 5. | बगड | 7 |
| 6. | चिडावा | 6 |
| 7. | पिलानी | 2 |
| 8. | कोतवाली झुन्झुनू | 1 |
| 9. | हमीरवास चुरू | 2 |
| 10. | उदयपुरवाटी जिला नीमकाथाना | 1 |
| 11. | कुल चारी | 86 |

इसके अतिरिक्त ट्रांसफार्मर चोर गैंग के अन्य सदस्यो की गिरफतारी शेष है व गिरफतारी शुदा मुल्जिमान से पुछताछ जारी है जिनसे अन्य ट्रांसफार्मर/ केबल चोरी की वारदातो का खुलासा होना शेष है

**कार्यवाही टीम के सदस्य–**

1. श्री रविन्द्र कुमार उप निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना मण्ड्रेला।
2. श्री दिनेश कुमार एचसी 81 साईबर सैल झुन्झुनू ।
3. श्री नरेन्द्र कानि 992 पुलिस थाना मण्ड्रैला
4. श्री मनोज कुमार कानि 150 आसूचना अधिकार पुलिस थाना मण्ड्रेला ।
5. श्री हरेन्द्र कानि 454 पुलिस थाना मण्ड्रैला
6. श्री धमेन्द्र कानि 452 पुलिस थाना मण्ड्रैला
7. श्री भंवर लाल कानि 949 पुलिस थाना मण्ड्रैला
8. श्री मुकेश कुमार कानि 993 पुलिस थाना मण्ड्रैला

9. श्री अंकित कुमार कानि 1345 पुलिस थाना मण्ड्रेला ।

9. श्री अरविन्द कानि 1168 साईबर सैल झुन्झुनू ।

10. श्री प्रदीप कुमार कानि 1395 पुलिस थाना मण्ड्रैला

**मुल्जिमान का विवरण .–**

1.राहुल कुमार पुत्र रामचन्द्र जाति जाट उम्र 24 साल निवासी नवलडी पुलिस थाना नवलगढ जिला झुन्झुनू
2.सोनू पुत्र श्री अनिल कुमार जाति जाट उम्र 23 साल निवासी बुडानियां पुलिस थाना मण्ड्रैला जिला झुन्झुनू
3.राजपाल पुत्र श्री इन्द्राज सिह जाति जाट उम्र 19 साल निवासी जाखल पुलिस थाना गुढागोडजी जिला झुन्झुनू
4.बसन्त पुत्र श्री शीशराम जाति जाट उम्र 19 साल निवासी जाखल पुलिस थाना गुढागोडजी जिला झुन्झुनू
5.विजेन्द्र पुत्र श्री रघुनाथ सिहं जाति जाट निवासी जाखल पुलिस थाना गुढागोडजी जिला झुन्झुनू
6.विजय कुमार पुत्र श्री धर्मपाल जाति खटीक उम्र 23 साल निवासी वार्ड न 10 बगड पुलिस थाना बगड जिला झुन्झुनू
7.अमित कुमार पुत्र श्री सीताराम जाति ब्राहम्ण उम्र 38 साल निवासी सेही कलां पुलिस थाना सूरजगढ जिला झुन्झुनू
8. एक बाल अपचारी निरूद्व

**विशेष योगदान :–** 1.श्री मनोज कुमार कानि 150 आसूचना अधिकारी पुलिस थाना मण्ड्रेला ।
2. श्री हरेन्द्र कानि 454 पुलिस थाना मण्ड्रेला
3. श्री मुकेश कुमार कानि 993 पुलिस थाना मण्ड्रेला

**फोटो आरोपी**



थानाधिकारी
पुलिस थाना मण्ड्रेला